सीवर लाइन पड़ने के उपरांत तत्काल हो सड़क की मरम्मत-खन्ना

(आज समाचार सेवा)

लखनऊ। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जल निगम के अधिकारियों का निर्देश दिया कि लखनऊ नगर निगम के गीतपल्ली वार्ड में हो रहे सीवर कार्यों को दिसंबर

वित्त मंत्री ने की सफाई को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा

तक पूर्ण किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीवर लाइन पड़ने के उपरांत तत्काल सड़क के शुरू कर दिया जाए। कार्यों में तेजी के साथ-साथ गुणवत्ता का भी पूर्ण ध्यान रखा जाए। कार्यों की नियमित मानीटिंग भी की जाए, मॉनिटरिंग से परिणाम बेहतर होते हैं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिया की साफ सफाई एवं कूड़ा निस्तारण का कार्य नियमित रूप से कराया जाए। प्रभारी मंत्री गत 5 जुलाई को साफसफाई के संबंध में नगर निगम के चार वार्डो में किए गए निरीक्षण के संबंध में आज विधानसभा स्थित कक्ष संख्या 15 में नगर निगम, लोक निर्माण विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे।

समीक्षा के दौरान अधिकारियों द्वारा उन्हें अवगत कराया गया कि सीवर लाइन का कार्य जल निगम द्वारा कराया जा रहा है, जिसे मंत्री ने दिसंबर तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। सीवर लाइन का कार्य 114 किलोमीटर में पूर्ण किया जा चुका है जबकि 11 किलोमीटर का कार्य अभी किया जाना है। गीता पल्ली क्षेत्र में सीवर की कुल लंबाई 650 मीटर है। उन्होंने पीएम आवास योजना शारदा नगर में बनने वाली एस टी पी का भी फीडबैक लिया। अवगत कराया गया कि एसटीपी के निर्माण की टेंडर प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने निर्देश दिया कि टेंडर प्रक्रिया को पूर्ण कर शीघ्रता के साथ एस टी पी का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। प्रभारी मंत्री ने निरीक्षण के दौरान गीतपल्ली वार्ड में कुछ अवैध डेयरियों का संचालन पाया था। इस पर अधिकारियों ने बताया कि डेयरियों को विस्थापित करने एवं अवैध डेयरी संचालकों द्वारा मुख्य मार्ग पर छोड़े गए पशुओं को पकड़ने हेतु अभियान चलाकर कार्यवाही की गई है। अवैध डेरी हटाने हेतु पशुपालकों के विरुद्ध नोटिस की कार्यवाही की जा चुकी है। अभियान में लगभग 40 गाय एवं 07 भैंसो के पकड़ने की कार्यवाही की गई, जिसमें संबंधित पशुपालकों से लगभग 02 लाख 12हजार रुपए हर्जाना के रूप में अभी तक वसूला गया है।नगर निगम के अधिकारियों

गीतपल्ली वार्ड में सीवर कार्यों को दिसंबर तक पूर्ण कराने के दिए निर्देश

ने बताया कि गीता पल्ली सहित सभी वार्डों में सफाई कर्मियों द्वारा नियमित रूप से सफाई का कार्य कराया जा रहा है। नालियों की सफाई के साथ साथ कूड़ा निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि सरकार की मंशा के अनुरूप शहर की साफसफाई को और अधिक बेहतर बनाया जाए। कहीं से भी इस प्रकार की शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। अधिकारी नियमित सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करें। सभी सफाई से जुड़े कार्मिक अपने संबंधित क्षेत्र में भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखें। बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, जल निगम एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विभागों से संबंधित कार्मिक भी उपस्थित थे।

रहीमनगर, खुर्रमनगर, पंतनगर के मकानों का ब्यौरा जुटाया जायेगा

लखनऊ। रहीमनगर, खुर्रमनगर, पंतनगर, इन्द्रप्रस्थ नगर और अबरारनगर में चिन्हांकन का काम पूरा हो चुका है। अब इन इलाकों के भवन व लोगों का विवरण नगर निगम से मांगा गया है। नगर निगम से लोगों का विवरण मिलने के बाद एलडीए को घर घर सर्वे करने में आसानी होगी। नाम पते होने पर सत्यापन करना आसान होगा। इसके आधार पर एलडीए सभी भवन स्वामियों को उनके मकान गिराने की नोटिस जारी कर देगा। अधिकारियों ने बताया कि पूरा विवरण मांगा जा रहा है। उधर एलडीए की ओर से अपने मकानों पर लाल निशान लगाए जाने से यहां के लोग बैचने हैं। शुक्रवार को पंतनगर के लोगों ने सिंचाई विभाग और एलडीए के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। स्थनीय लोगों की ओर से एक प्रतिनिधिमण्डल एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी से मिला। हालांकि इस दौरान कोई बात नहीं बनी। करीब दो घंटे इंतजार के बाद वीसी मिले लेकिन उन्होंने पूरी कॉलोनी को अवैध बता दिया। उपाध्यक्ष डॉ इंद्रमणि त्रिपाठी का कहना है कि ग्रीन बेल्ट पर किसी भी तरह का निर्माण नहीं हो सकता है। ऐसे में मकान तो गिराया जाएगा। इस दौरान यहां के लोगों ने उपाध्यक्ष से शासनादेश मांगा, जिसके जवाब में उपाध्यक्ष ने समाचार पत्र में सभी तरह के शासनादेश छपवाने की बात कही। सात लोगों का प्रतिनिधि मण्डल में मौजूद शिल्पी ने कहा कि किसी भी स्थिति में वह लोग पंत नगर में बुलडोजर नहीं चलने देंगे। इसके लिए जिस स्तर पर लड़ाई लड़ना होगा लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह से शोषण करने में जुट गई है। आम आदमी के कार्यो से उनका कोई लेना देना नहीं है। शिल्पी ने बताया कि हम इस प्रकरण को लेकर अदालत में भी जाएंगे, लेकिन पहले लखनऊ विकास प्राधिकरण हमको नोटिस तो दे। ग्रीन बेल्ट बताकर हमारे मकान पर लाल निशान लगाए गए हैं। उसका शासकीय आदेश तो हमें दिया जाए। रहीमनगर, इंद्रप्रस्थनगर, पंतनगर और अबरारनगर में करीब 2000 मकान टूटने की संभावना है। पंतनगर में करीब 850, अबरारनगर में 700, रहीमनगर में 200 और

एलडीए उपाध्यक्ष से मिले पंतनगर के लोग, ग्रीन बेल्ट के निर्माण टूटेंगे

इंद्रपथनगर में करीब 250 मकानों पर बुलडोजर चल सकता है। हालांकि प्राधिकरण की ओर से अभी सिर्फ चिन्हांकन किया गया है। रिमोट सेसिंग से कुकरैल नदी की जमीन पर अवैध कब्जों का चिन्हांकन कर लिया गया है। अब एक एक गाटा वार ब्यौरा जुटाया जाएगा, इसके बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी। रहीम नगर क्षेत्र में बने हुए एक विला पर लगभग 2 करोड़ रुपये का खर्च किए जाने का अनुमान है। इसके अलावा कई अन्य मकान भी ऐसे हैं जिन पर करोड़ों रुपये का खर्च आया है। इनके ध्वस्तीकरण से भारी नुकसान होने की आशंका है। अबरारनगर और पंत नगर को बचाने की लड़ाई में राजनीतिक दल भी शामिल हो गए हैं। इसके लिए सपा, कांग्रेस और वामदलों ने एक मंच बनाया है। ट्रांस गोमती निवासी संघर्ष समिति के नाम से संघर्ष समिति बनाई गई है। रविवार को इस मंच के लोग बैठक कर आंदोलन की प्लानिंग करेंगे। इसमें फैसला किया गया कि पंतनगर, रहीमनगर, इंद्रप्रस्थनगर और अबरारनगर की लड़ाई संयुक्त रूप से लड़ने की जरूरत है।

कंट्रोल रूम में दर्ज शिकायतों के निस्तारण में न बरतें लापरवाही

लखनऊ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने शुक्रवार को स्मार्ट सिटी अंतर्गत सभागार में कण्ट्रोल रूम की समीक्षा की। बैठक में नगर आयुक्त कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उनके पास जितनी भी शिकायतें रोजाना आ रही हैं, उनको प्रतिदिन नियमानुसार और ससमय सम्बंधित अधिकारियों को फारवर्ड कर दिया जाए। इसके अतिरिक्त उन शिकायतों का फीड बैक भी तब तक लेते रहने के निर्देश दिए जब तक शिकायत का निस्तारण का हो जाये। निस्तारण होने की दशा में शिकायतकर्ता को उनकी समस्याओं का समाधान होने की सूचना देकर उनको संतुष्ट किये जाने तक की जिम्मेदारियां कर्मचारियों को दी गयी हैं। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त ने कहा कि ऐसे अधिकारी जो कंट्रोल रूम से फॉरवर्ड की गई शिकायत के संबंध में रिस्पॉन्स नही दे रहे हैं या सही ढंग से कर्मचारियों से वार्ता नही कर रहे हैं, उनके बारे कण्ट्रोल रूम के कर्मचारी सीधे तौर पर मुझे अवगत करवा सकते हैं, जिससे कि उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान नगर आयुक्त ने कण्ट्रोल रूम के कर्मचारियों के कार्य की समीक्षा करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा खराब प्रगति वाले कर्मचारियों को रिप्लेस किये जाने के लिए निर्देशित किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक मरा

लखनऊ। आलमबाग क्षेत्र के चन्दरनगर में रहने वाले एक युवक की हालत बुधवार दोपहर बिगड़ गई थी जिसे परिजन लोकबंधु अस्पताल ले गए, जहाँ जाँच उपरांत डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आलमबाग के चन्दर नगर में सूरज(28) पुत्र तुलसीराम अपनी पत्नी सुनीता माँ राजकुमारी और छोटे भाई वीरू के साथ रहकर मोटर पार्ट्स की दुकान में काम करता था। बुधवार दोपहर अचानक सूरज के पेट में तेज दर्द उठा जिसपर परिजन बेटे को लोकबंधु इलाज के लिए लेकर पहुंचे जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

प्रेमिका के सामने नशीला इंजेक्शन लगाकर दे दी जान

लखनऊ। चिनहट इलाके में एक निजी अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत युवक ने शुक्रवार को अपनी प्रेमिका के सामने नशीला इंजेक्शन लगाकर जान दे दी। इससे अस्पताल में हडकम्प मच गया। मृतक युवक के पिता ने युवती पर सुनियोजित तरीके से हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

चिनहट स्थित एक निजी अस्पताल में दोनों करते थे काम

फिलहाल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। इस सम्बन्ध में युवती तथा उसके साथ अस्पताल में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों से भी पूछताछ की जा रही है। चिनहट थानान्तर्गत अजयनगर मोहल्ले में मूल रूप से लखीमपुर खीरी निवासी सचिन मिश्र रहता था। यहां रहने के साथ ही वह इलाके के एक निजी अस्पताल में काम करता था। इस दौरान अस्पताल में काम करने वाली एक युवती से सम्बन्ध हो गये। बताया जा रहा है कि गत दो वर्षो से दोनों एक-दूसरे से बातचीत करते थे। शुक्रवार को दोनों अस्पताल में मौजूद थे। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढने पर लैब टेक्नीशियन सचिन मिश्र ने अस्पताल के अन्दर कोई नशीला इंजेक शन लगा लिया। देखते ही देखते वह बेसुध हो गया। इस पर वहां मौजूद प्रेमिका व उसके साथी कर्मचारियों के हाथ-पैर फूल गये। आनन-फानन में उसे डाक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अपराह्न सचिन मिश्र के परिवार के लोग लखीमपुरखीरी से राजधानी पहुंचे। उन्होंने सचिन मिश्र की हत्या किये जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है।

स्वच्छ सर्वेक्षण से पहले सफाई व्यवस्था का प्री असेसमेंट

लखनऊ। सहायक निदेशक रश्मि सिंह एवं केपीएमजी की एक्सपर्ट भावना शर्मा ने शुक्रवार को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर प्री असेसमेंट किया। उन्होंने ट्रिपल आर वर्किंग, डोर टू डोर कूड़ा निस्तारण के साथ ही फन मॉल, ग्वारी, कान्हा उपवन, एयरपोर्ट टॉयलेट इत्यादि जगहों पर निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रिपल आर सेंटर ट्रांसफर स्टेशन एलएसए की ऑफिस और बुक वेस्ट जनरेटर में फन मॉल व प्लासियो मॉल के साथ साथ कन्हा उपवन, आरआर और अमौसी एयरपोर्ट पर एक उत्कृष्ट टॉयलेट का निरीक्षण किया गया, जोकि संतोषजनक पाया गया। फन मॉल में बुक की जनरेटर के निरीक्षण के दौरान वाहन कंपोस्ट पिट का जायजा लिया। साथ ही नगर निगम को दिए जाने वाले कूड़े की रसीद भी देखी गईं।

लखनऊ के कई इलाकों में हुयी बारिश

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार की सुबह से बादल छाए रहे और दोपहर तक हल्की धूप भी रही। लेकिन शाम 5 बजे तक हजरतगंज सहित कई एरिया में झमाझम बारिश शुरू हो गई। शहर में काले बादल छाए हैं और रात तक बारिश की पूरी संभावना है। हालांकि इस बीच उमस भरी गर्मी से लोग परेशान रहे। मौसम विभाग ने आज लखनऊ का तापमान दोपहर तीन बजे तक 35.6 डिग्री रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 28 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग का अनुमान है दिन भर आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। इस दौरान एक से बार हल्की बूंदाबादी भी हो सकती है। इससे पहले गुरुवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री दर्ज किया गया था। यह सामान्य तापमान से 2.4 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 27.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा दर्ज किया गया।

एसिड अटैक की पीड़िता डिस्चार्ज, भाई का हुआ ऑपरेशन

लखनऊ। केजीएमयू से एसिड अटैक की पीड़िता को शुक्रवार को डिस्चार्ज कर दिया गया जबकि पीड़िता के मौसरा भाई के हाथ और कंधे का ऑपरेशन किया गया है। विदित हो कि बीती तीन जुलाई को युवती व केजीएमयू एमबीबीएस द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत उसके मौसेरे भाई पर एसिड का अटैक किया गया था जिसमें दोनों बुरी तरह से घायल हो गये थे जिसके बाद दोनों भाई-बहनों को केजीएमयू में भर्ती कराया गया। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के डॉक्टर दोनों का इलाज कर रहे हैं। तबीयत में सुधार के बाद शुक्रवार को युवती को डिस्चार्ज कर दिया गया। इस सम्बंध में डॉक्टरों का कहना है कि युवक का अभी इलाज की जरूरत है और चरणबद्ध तरीके से कई ऑपरेशन करने पड़ेंगे। इस सम्बंध में डॉ. रवि सिंह का कहना है कि युवती की आंख में मामूली चोट है, जो धीरे-धीरे कुछ दिनों में ठीक हो जाएगी। चेहरे व दूसरे अंगों में चोट के लिए फालोअप के लिए आना होगा। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि मौसरे भाई के कंधे और हाथ का ऑपरेशन हुआ है। उन्होंने बताया कि कुछ अंतराल पर और ऑपरेशन किए जाएंगे। फिलहाल उसकी तबीयत स्थिर बनी हुई है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विवि का दीक्षांत समारोह आज

लखनऊ। डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का नौ वर्ष के लम्बे अंतराल के बाद शुक्रवार को दीक्षांत समारोह आयोजित होगा। दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति डॉ. धनंजय वाई चंद्रचूड़ बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। मुख्य अतिथि द्वारा 132 मेधावियों को पदक प्रदान किया जायेगा जिनमें 70 स्वर्ण पदक शामिल हैं। दीक्षांत समारोह में बीएएलएलबी, एलएलएम व पीएचडी कार्यक्रमों के 2000 से अधिक छात्रों को उनकी डिग्रिया प्रदान की जायेंगी। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रात: दस बजे से होगा यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह ने बताया कि समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेंत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

लखनऊ मेट्रो 15 जुलाई से रात्रि 10:30 बजे तक चलेगी

लखनऊ। लखनऊ मेट्रो ने अपनी सेवाओं में समय का विस्तार करते हुए रात्रि सेवाएं अब 10 बजे से बढ़ा कर 10:30 बजे तक करने का फैसला लिया है। लखनऊ मेट्रो यात्री 15 जुलाई से इस सेवा का लाभ उठा सकेंगे। 15 जुलाई से लखनऊ मेट्रो की सेवाएं सुबह अपने निर्धारित समय 6 बजे से शुरु हो कर रात 10:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगी। इस समय के विस्तार के बाद लखनऊ मेट्रो की आखिरी ट्रेन अपने दोनो टर्मिनल स्टेशनों ,मुंशीपुलिया एवं सीसीएस एयरपोर्ट मेट्रो स्टेशनद्ध से रात 10:30 बजे निकल कर अपने गंतव्य स्टेशन पहुंचेंगी।

सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

लखनऊ। राजधानी में आज जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा की गयी। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी व जिला विकास अधिकारी परियोजना निर्देश जिग्राविअभि अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि अपने विभागीय संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं की सतत अनुश्रवण एवं समीक्षा करते हुये अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाभान्वित किया जाये। यदि संबंधित अधिकारी के स्तर से विभागीय कार्यों में अपेक्षानुरूप प्रगति नहीं प्राप्त की जाती है तो उचित कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने बताया की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार से किसी भी स्तर पर अपनायी गयी शिथिलता पर उत्तरदायित्व निर्धारण कर कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। ए प्लस अथवा ए से न्यून श्रेणी प्राप्त कार्यक्रमों की मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दैनिक समीक्षा की जाये साथ ही इन मदों से संबंधित स्टेट नोडल से वार्ता कर कार्याक्रमों की प्रगति बढ़ते हुए जनपद की श्रेणी सुधार करने हेतु सभी सम्भव उपाय किये जाये।

नकली गहने बेचने पहुंची महिला पकड़ी गई

लखनऊ। कृष्णानगर क्षेत्र में बुधवार शाम नकली जेवर लेकर बेचने पहुंची ज्वैलर्स कारोबारियों ने पकड़ कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने जांचोपरांत पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर धोखाधड़ी और अमानत में ख्यानत की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाई में जुटी है। कृष्णानगर क्षेत्र के हरिओमनगर निवासी सन्तोष कुमार गुप्ता पुत्र स्व. गया प्रसाद गुप्ता आलमबाग मार्केट में शुभम ज्वैलर्स के नाम से दुकान चलाते है। व्यापारी के मुताबिक गत 13 अप्रैल को उनकी दुकान पर सीता विश्वकर्मा नामक महिला नकली चेन देकर सोना बता एक लाख बाइस हजार रुपये लेकर चली गई। चेन नकली होने की जानकारी उन्हें हुई तो उन्होंने महिला की तलाश शुरू की और महिला की फोटो अपने ज्वैलर्स पर वायरल कर दिया। वहीं बुधवार शाम जालसाज महिला ओम ज्वैलर्स के दुकान नकली जेवर बेचने के लिए पहुंची और जालसाजी के प्रयास में जुट गई। महिला को देख ज्वैलर्स कारोबारी ने पहचान लिया और अपने साथी घटना शिकार ज्वैलर्स कारोबारी को सूचना दे दिया। मौके पर पहुंचे पीड़ित कारोबारी ने जब महिला पर दबाव बनाया तो उसने सत्तर हजार रूपये वापस भी कर दिए जिसके बाद दुकानदारों कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची कृष्णा नगर पुलिस ने आरोपित जालसाज महिला को कस्टडी में ले पीड़ित जवैलर्स दुकानदार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाई में जुटी है।

नाला निर्माण में लापरवाही पर फर्म ब्लैक लिस्ट

लखनऊ। राजाजीपुरम में नाला निर्माण में लापरवाही बरतने पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने निजी कम्पनी आरएलवीएस कांस्ट्रक्शन को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। उसे नगर निगम में विकास कार्य देने पर पूरी तरह से रोक लगा दी गयी है। नगर आयुक्त ने इस मामले में सख्त कार्रवाई का आदेश दिया था। इसके बाद ही मुख्य अभियन्ता महेश वर्मा ने उसे ब्लैक लिस्ट करने का आदेश जारी कर दिया है। नगर निगम ने लेबर कालोनी वार्ड के मीना बेकरी से ग्लोब हास्पिटल के सामने भूमिगत नाले तक आरससीसी नाले के निर्माण व कवरिंग का टेण्डर निकाला था। लेकिन ठेकेदार ने इसका काम समय पर पूरा नहीं कराया। जिसकी वजह से लोगों को काफी समस्याए हो रही थी। शिकायत के पश्चात अभियन्ताओ ने मौके का कई बार निरीक्षण किया। जोन दो के इंजीनियरों ने इसके बारे में नगर आयुक्त को रिपोर्ट भेजी थी। नगर आयुक्त ने मामले में कार्रवाई का आदेश किया था। ठेकेदार को काम पूरा करने का समय भी दिया था, लेकिन उसके बाद भी उसने काम नहीं किया।

बिजली चोरी की छापेमारी में तीन पर मुकदमा

लखनऊ। बिजली विभाग में बिजली चोरी को लेकर चलाये जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को अमीनाबाद में तड़के बिजली विभाग ने छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान जहां 25 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शनों की जांच की गई। इनमें तीन उपभोक्ता के विरुद्ध धारा 135 के तहत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई और तीन उपभोत्ताओं का कनेक्शन बिल बकाए में काट दिया गया। बिजली चोरी करने वाले उपभोक्ताओं में नाजुक जहां पत्नी मो. फारूक, मन्नू स्वा. मुन्ना और फैजान पुत्र मो. हसीन के खिलाफ बाईपास लाइन और सीधे तौर पर पोल से कटिया लगाकर बिजली चोरी करते हुए पकड़े गए। लेसा सिस गोमती मुख्य अभियंता इं. रवि अग्रवाल लेसा सेंट्रल जोन, अधीक्षण अभियंता मंडल राजभवन ई. रामप्रकाश, सहायक अभियंता आशीष कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता कपिल देव वर्मा अमीनाबाद के हाई लाईन लॉस वाले फीडर मौलवीगंज में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया।

जीआईएस सर्वे ने गृहकर बढ़ा कर दी टेंशन तो कैंप में मिली राहत

लखनऊ। नगर निगम में लगे जीआईएस सर्वे कैम्प में शुक्रवार को लोगों के टैक्स पांच-पांच गुना तक कम हो गए। महापौर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह और अपर नगर आयुक्त डॉ अरविन्द राव ने सुनवायी कर लोगों के टैक्स सुधार कराए। कैम्प में आने वाले लोगों के टैक्स तुरंत सुधार दिए। शुक्रवार को समाधान दिवस में कुल 181 लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे थे। सभी का जीआईएस सर्वे ने अनाप-शनाप ग़हकर बढ़ा दिया था। भवन स्वामी लगातार जोन कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे। लेकिन उनकी समस्या का निस्तारण नही हो पा रहा था। शुक्रवार को नगर निगम प्रशासन द्वारा लगाये जा रहे कैम्प में भवन स्वामी पहुँचे और उन्होने अपनी समस्या बतायी । जिसके पश्चात महापौर व नगर आयुक्त ने लोगों के मौके पर बढ़े गृहकर सही कर जमा करवाया। शुक्रवार को लगाये गये कैम्प में जोन एक में जोन-1 की 20 ,जोन दो की 21 ,जोन तीन की 44,जोन चार की 12 ,जोन पांच की 11 ,जोन छह की 32 ,जोन सात की 32 व जोन आठ की बढ़े गृहकर को लेकर कल 9 शिकायतें आयी जिसमें से सभी का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कैम्प में इन्दिरानगर सेक्टर 19 के भवन 19/1081 के वीपी अवस्थी

के मकान का वार्षिक मूल्यांकन जीआईएस सर्वे में 52,731 कर दिया गया था, जिसे घटाकर 17,010 रुपए कर दिया गया। इसके अतिरिक्त 2/50 से 52 विभूतिखंड, गोमती नगर की रेखा सिक्का के मकान का मूल्यांकन जीआईएस में 12,98,307 कर दिया गया। कैम्प में शिकायत के बाद 7,47,965 हो गया,तो वही 445/101/004 मल्लाही टोला प्रथम की बुद्धेश्वरी का वार्षिक मूल्यांकन जीआईएस सर्वे में 30,780 हो गया था। कैम्प में सुधार के बाद केवल 2,250 रुपए ही बचा। इसके अतिरिक्त 569/149ए एलडीए कालोनी कानपुर रोड सेक्टर.सी हिन्द नगर के राम आसरे का जीआईएस सर्वे में 17,550 था। कैम्प में सही करने के बाद केवल 5,625 रुपए बचा।

भाजपा पार्षद और नगर आयुक्त विवाद फिर आया सामने

(आज समाचार सेवा)

लखनऊ। भाजपा के सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड के पार्षद राम नरेश रावत और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के मध्य बीते सदन की बैठक में हुआ विवाद एक बार फिर उभर आया है। भाजपा पार्षद राम नरेश रावत ने महापौर सुषमा खर्कवाल को पत्र लिखकर कहा है कि जबतक उनका निष्कासन खत्म नही होगा, तब तक वह सदन नहीं आएंगे। पार्षद ने मेयर को लिखे पत्र में कहा है कि कार्यकारिणी के छह सदस्यों का चुनाव होना है, इसलिए उन्हें सदन में वोट देने बुलाया जा रहा है। विदित है की 28 फरवरी को नगर निगम सदन में भारी हंगामा के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने भाजपा पार्षद पर अभ्रदता करने का आरोप लगा सदन से बाहर निकालने का आदेश किया था। इसके बावजूद पार्षद राम नरेश रावत बाहर नहीं जा रहे थे। इसके बाद भाजपा के तमाम पार्षदों ने राम नरेश रावत को बाहर निकालने का प्रयास किया। जब राम नरेश ने नगर निगम की बिल्डिंग से कूदकर जान देने की बात कही तब पार्षदों ने छोड़ा था।

कार्यकारिणी चुनाव से पहले भाजपा पार्षद ने कहा की निलम्बन वापस हो तभी आयेंगे सदन में

जिसके पश्चात भाजपा पार्षद ने भाजपा पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियो से शिकायत करने समेत ,जान से मारने की धमकी देने तक का प्रार्थना पत्र पुलिस प्रशासन को भेजा था। आरोप है की भाजपा पार्षद ने नगर आयुक्त पर भ्रष्टाचार का गंभीर आरोप लगाया था। इस पर नगर आयुक्त ने कहा था कि आई विल किल यू। अब नगर निगम सदन की बैठक 15 जुलाई को छह नये कार्यकारिणी सदस्यो के चुनाव के लिए बुलाई गई है। भाजपा पार्षद की ओर से इस पर कहा जा रहा है की 15 जुलाई को उन्हें वोट देने के लिए सदन में आने के लिए नगर निगम ने पत्र लिखा है। पार्षद ने लिखा है कि उन्हें कितने समय के लिए निलम्बित किया गया। मैं किस अधिकार से वाट डालने आऊं। क्या मेरा निलम्बन चुनाव से पहले वापस ले लिया है। क्या निलम्बित पार्षद वोट दे सकता है। वही दूसरी ओर भाजपा पार्षद ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को भी पत्र लिखा है। जिसमे उन्होने कहा है कि कार्यकारिणी में किसी दलित पार्षद को मौका नहीं दिया गया है। दलितों से केवल वोट लिया जा रहा है। भीड़ जुटाने के लिए कहा जाता है। लेकिन नगर निगम की कार्यकारिणी में उन्हें मौका नहीं दिया जाता है। पार्षद ने लिखा है कि यह दलित पार्षदों के साथ घोर अन्याय है।

केजीएमयू में पेट के रोगियों की सभी दिन होगी ओपीडी

लखनऊ। केजीएमयू में अब पेट के मरीजों के लिए सभी दिन ओपीडी खुली रहेगी और विशेषज्ञ डॉक्टर की सलाह मिल सकेगी ,अभी तक यह केवल सप्ताह में चार दिन चलती थी। विदित हो कि गेस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 500 से अधिक मरीज आ रहे हैं। करीब डेढ़ साल पहले सप्ताह में दो दिन ओपीडी का संचालन हो रहा था। इसके बाद सप्ताह में चार दिन ओपीडी की शुरूआत हुई। अब सप्ताह के सभी छह दिन ओपीडी का संचालन शुरू हो गया है। इसकी वजह से मरीजों नेराहत की सांस ली है। बांड के तहत विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती हुई है।

ICICI Home Finance

कारपोरेट कार्यालय:-आईसीआईसीआई होम फाईनेंस कम्पनी लिमिटेड,आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अन्धेरी-कुर्ला रोड, अन्धेरी (ईस्ट), मुम्बई-400059 इण्डिया।
शाखा कार्यालय:- भूमि तल, एल्डिको हाउस/ एल्डिको शापी,हाल-1, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-206010
शाखा कार्यालय:-तृतीय तल, प्लाट नं.सी-03,सेक्टर ई-इंजीनियरिंग कालेज रोड, सेक्टर बी,जानकीपुरम,लखनऊ,यू.पी.-226021

(देखें-नियम-8 (6) के प्राविधान)
अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु सूचना

सिक्योरिटी इन्टरेस्ट (इन्फोर्समेण्ट) रूल्स-2002 के नियम-8(6) के प्राविधानों सहित सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्शियल एसेट्स एण्ड इन्फोर्समेण्ट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट-2002 के अर्न्तगत अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा कर्जदारों एवं गारण्टीदाताओं को विशेष रूप से सूचना दी जाती है कि आईसीआईसीआई होम फाईनेन्स कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा सिक्योर्ड क्रेडिटर को बन्धक की गई/ प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति का **भौतिक कब्जा** ले लिया गया है तथा उसे नीचे दिये गये संक्षिप्त विवरण के अनुसार ***जैसा है जहां है तथा जो भी वहां है*** के आधार पर बिक्री की जायेगी।

क्र.सं.	कर्जदार/सह-कर्जदारों/गारण्टीदाताओं/विधिक उत्तराधिकारियों के नाम ऋण खाता संख्या	ज्ञात प्रभारों यदि कोई है/सहित प्रतिभूति व सम्पत्ति का विवरण	बकाया धनराशि	रिजर्व कीमत धरोहर धनराशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	अंजनी कुमार मिश्रा (कर्जदार) मीनू पाण्डेय (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHLUC00001352330	फ्लैट नं. 302 तीसरी मंजिल पर,जे.आर. कम्प्लैक्स, प्लाट नं. 37, खसरा नं. 78 ग्राम-खड़गपुर, परगना,तहसील और जिला लखनऊ में स्थित है।	रू. 27,50,511/- जुलाई 02,2024	रू. 33,07,500/- / रू. 3,30,750/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्ह-11.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे	अगस्त 14,2024 अपरान्ह-2.00 बजे अपरान्ह-03.00 बजे
2.	मोहम्मद परवेज(कर्जदार) परवीन (सह-कर्जदार) ऋण खाता संख्या- LHLUC00001411574	प्लाट मोहल्ला गांधीनगर दक्षिणी, टाउन-सिधौली, परगना-बड़ी तहसील-सिधौली,जिला सीतापुर में स्थित है।	रू. 11,74,501/- जुलाई 02,2024	रू. 14,68,800/- / रू. 1,46,880/-	अगस्त 05, 2024 पूर्वान्